(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है इंडियन केमिकल्स एंसीलरीज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने यह आरोप लगाया है कि योजना बनाने वालों के अदूरदर्शी दृष्टिकोण के कारण देश के अनेकों उद्योग आज भी अनिश्चितता और आर्थिक संकट से ग्रस्त हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बीरेन सिंह इंगती): (क) से (ग) प्रश्न में उल्लिखित समाचार का अवलोकन किया गया है। प्रेस रिपोर्ट की विषयवस्तु को नोट कर लिया गया है, लेकिन सरकार, उसमें व्यक्त किए गए कुछ विचारों और दिए गए कुछ तथ्यों से सहमत नहीं है। आर्थिक आयोजन का लक्ष्य कमियों को दूर करना और अन्तर-क्षेत्रकीय संतुलन को बनाए रखना है।

पाकिस्तान द्वारा भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप

2023. **श्री रशीद मसूद** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिलने के बाद कि पाकिस्तान आतंकवाद को शह दे रहा है और भारत के आंतरिक मामलों में सक्रिय हस्तक्षेप कर रहा है, सरकार ने पाकिस्तान सरकार से इस संबंध में सम्पर्क स्थापित किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर पाकिस्तान की सरकार की क्या प्रतिक्रिया थी ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) भारत में उग्रवादी तत्वों को पाकिस्तान से निरंतर सहायता मिलने के सवाल को पाकिस्तान की सरकार के साथ अनेक अवसरों पर विभिन्न स्तरों पर उठाया गया है । दिसम्बर, 1986 में दोनों देशों के गृह सचिवों की पिछली बैठक में भी इस विषय पर विस्तार से बातचीत हुई थी ।

(ग) पाकिस्तान की सरकार ने बार-बार इस बात की पुष्टि की है कि वह भारत में उग्रवादी तत्वों को कोई सहायता नहीं देगी ।

परमाणु विद्युत केन्द्रों की क्षमता को बढ़ाने की योजना

2024. **श्री रशीद मसूद** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने इस शताब्दी के अंत तक वर्तमान परमाणु विद्युत केन्द्रों की क्षमता 1230 मेगावाट से बढ़ा कर 10,000 मेगावाट करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि नाभिकीय विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक श्री एस० एल० कटि ने उक्त लक्ष्य की प्राप्ति में आशंका व्यक्त की है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बनायी गयी योजना का ब्यौरा क्या है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास, परमाणु ऊर्जा, इलैक्ट्रानिकी और अन्तरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री के० आर० नारायणन्) : (क) जी हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) इस समय 6 यूनिट काम कर रहे हैं जिनकी कुल क्षमता 1230 मेगावाट है। 8 ऐसे यूनिटों का निर्माण-कार्य